# चंद्र गहना से लौटती बेर

Question 1.
रीवा के पेड़ कैसे हैं?
(a) सुंदर
(b) कोटेदार कुरूप
(c) लम्बे-लम्बे
(d) छायादार

▼ Answer

Answer: (b) कोटेदार कुरूप

---

Question 2.
कवि सारस के साथ हरे खेतों में क्यों जाना चाहता है?
(a) यहाँ के सौंदर्य को देखने
(b) यहाँ मटर खाने व गन्ने चूसने
(c) वहाँ वह चुपके एपके सारस कुगल की प्रेम की बातें सुनने
(d) पूमने के लिए

▼ Answer

Answer: (c) वहाँ वह चुपके एपके सारस कुगल की प्रेम की बातें सुनने
चुपके-चुपके सारत युगल प्रेमी की बातें सुनने।

---

Question 3.
'यह हरा ठिगना चना बाँधे मुरैठा शीश पर छोटे गुलाबी फूल का' पंक्ति में निहित अलंकार बताइए
(a) यमक
(b) श्लेष
(c) रुपक
(d) मानवीकरण

▼ Answer

Answer: (d) मानवीकरण
मानवीकरण अलंकार चने को मानव की तरह दिखाया है।

---

Question 4.
'प्रकृति का अनुराग अंचल हिल रहा है पंक्ति में कौन से अलंकार हैं?
(a) रूपक
(b) मानवीकरण
(c) अनुप्रास
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी
रूपक, अनुप्रास एवं मानवीकरण अलंकार है।

---

Question 5.
किसने अपने हाथ पीले कर लिए हैं।
(a) सरसों ने
(b) बने ने
(c) अलसी ने
(d) फागुन ने

▼ Answer

Answer: (a) सरसों ने
सरसों ने अपने हाथ पीले कर लिए हैं।

---

Question 6.
अलसी के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया है?
(a) लजीली
(b) हठीली
(c) शर्मीली
(d) उदंड

▼ Answer

Answer: (b) हठीली
अलसी के लिए हठीली विशेषण का प्रयोग हुआ है।

---

Question 7.
चाँदी का बड़ा-सा गोल खंभा किसे कहा गया है?
(a) अलसी के पेड़ को
(b) सरसों को
(c) पेड़ की डाली को
(d) पोखर में पड़ने वाले सूर्य के प्रतिबिंब को

▼ Answer

Answer: (d) पोखर में पड़ने वाले सूर्य के प्रतिबिंब को

---

Question 8.
पोखर के किनारे पर चुपचपाप पड़े पानी कौन पी
(a) सोप
(b) मगरमच्छ
(c) पशु
(d) पत्थर

▼ Answer

Answer: (d) पत्थर
पत्थर पानी पी रहे हैं।

---

Question 9.
चिड़िया को कवि ने क्या कहा है?
(a) पूर्व
(b) भददी
(c) चतुर
(d) सुंदर

▼ Answer

Answer: (c) चतुर
चतुर चिड़िया।

---

Question 10.
चने को कवि ने क्या कहा है?
(a) ठिगना
(b) हठीला
(c) पतली कमर वाला
(d) कठोर

▼ Answer

Answer: (a) ठिगना
ठिगना कहा है।

---

Question 11.
इस कविता में निम्न में से किसका वर्णन नहीं हुआ है?
(a) सरसों
(b) चना
(c) पोखर
(d) पीपल

▼ Answer

Answer: (d) पीपल
इस कविता में पीपल का वर्णन नहीं है।

---

Question 12.
चंद्र गहना से लौटती बेर कविता में किस ऋतु का। वर्णन है
(a) वर्षा प्रतु का
(b) शरद ऋतु का
(c) वसंत ऋतु का
(d) ग्रीष्म प्रतु का

▼ Answer

Answer: (c) वसंत ऋतु का
वसंत ऋतु का वर्णन है।

---

Question 13.
केदारनाथ अग्रवाल को किस वाद का कवि माना जाता है
(a) छायावाद का
(b) प्रयोगवाद का
(c) प्रगतिशीलता का
(d) प्रगतिवाद का

▼ Answer

Answer: (d) प्रगतिवाद का
ये प्रगतिवाद के कवि हैं।

---

Question 14.
निम्नलिखित में से कौन-सी रचना केदारनाथ अग्रवाल की नहीं है?
(a) नींद के बादल
(b) बादल राग
(c) युग की गंगा
(d) पंख और पतवार

▼ Answer

Answer: (b) बादल राग
'बादल राग' यह कृति निराला जी की है।

---

Question 15.
केदारनाथ अग्रवाल का जन्म कब और कहाँ हुआ?
(a) उ. प्र. के बौदा जिले में सन् 1917 में
(b) इलाहाबाद में सन् 1915 में
(c) म.प्र.रीबा में सन् 1911 में
(d) लखनऊ में 1915 में

▼ Answer

Answer: (a) उ. प्र. के बौदा जिले में सन् 1917 में

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

देख आया चंद्र गहना।
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
याँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है।

पास ही मिल कर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ा कर
कर रही है. जो छुए यह
हूँ हृदय का दान उसको।

Question 1.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer: कवि-केदारनाथ अग्रवाल, कविता-चंद्र गहना से लौटती बेर।

---

Question 2.
चने के पौधे को देखकर कवि ने क्या कल्पना की है?

▼ Answer

Answer: कवि जब गुलाबी फूलों से सजे-धजे चने के पौधे को देखता है तो कवि को लगता है कि यह सज-धज कर अपनी प्रेयसी से मिलने जा रहा है।

---

Question 3.
अलसी को देखकर कवि ने क्या कल्पना की है?

▼ Answer

Answer: अलसी को देखकर कवि ने काल्पना की है जैसे यह कोई पतली एवं लचकदार कमर वाली कोई जिरी लड़की हो और इसने नीले फूलों वाला दुपट्टा ओद रखा हो और इसकी यही जिद है कि जो उससे आकर प्रणय निवेदन करेगा उसको ही वह अपना हृदय दे देगी।

---

Question 4.
कवि चंद्र गहना देखकर लौटते हुए कहाँ रुक गया और क्यों?

▼ Answer

Answer: कवि चंद्र गहना देखकर सौटते हुए खेतों के बीच खेत की मेड़ पर बैठ जाता है। ग्राम का अद्भुत सौंदर्य कवि के किसान मन को बरबस अपनी ओर खींच लेता है। कवि प्रकृति के सौंदर्य में खो जाता है।

---

Question 5.
अलसी का पौधा कैसा होता है?

▼ Answer

Answer: अलसी का पौधा दो-तीन फीट लंबा होता है। उसकी रहनियाँ एकदम पतली होती हैं। अलसी पर नीले फूल आते हैं। अलसी के बीजों से भरी उसकी कली छोटे से कलश जैसी नजर आती है।

---

मंजूषा से निम्नलिखित प्रश्नों उपयुक्त उत्तर छोटकर उनके सामने लिखिए

(क) चने ने अपने सिर पर क्या बांध रखा है?

▼ Answer

Answer: गुलाबी फूलों का मुस्टा (पगड़ी)

---

(ख) कदि ने अलसी को क्या कहा है?

▼ Answer

Answer: कवि ने अलसी को हठीली कहा है

---

(ग) अलसी के फूल किस रंग के होते हैं?

▼ Answer

Answer: अलसी के फूल नीले रंग के होते हैं

---

(घ) सपानी कौन हो गई है?

▼ Answer

Answer: सरसों सयानी हो गई है

---

(ङ) किसका अनुराग अंचल हिल रहा है?

▼ Answer

Answer: प्रकृति का

---

(च) पोखर में क्या उट रहा है?

▼ Answer

Answer: छोटी-छोटी लहरियों

---

(छ) सरोवर के किनारे पानी कौन-पी रहे हैं।

▼ Answer

Answer: सरोवर के किनारे पत्थर पानी पी रहे हैं।

---

नीचे अव्यवस्थित ढंग से कविता की कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं उनको व्यवस्थित करके पुनः लिखो।

एक बीते के बराबर,
बांधे मुरैठा शीश पर
सजकर खड़ा है

यह हरा ठिगना चना
बीच में अलसी हटीली
पास ही मिलकर उगी है
छोटे गुलाबी फूल का

▼ Answer

Answer:
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना बना,
बाँधे मुरेठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का
सज कर खड़ा है।
पास ही मिलकर उगी है
बीच में अलसी हटीसी

---

सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए।

(क) कवि खेत की मेड़ पर अकेले बैठा है।

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(ख) कांवे ने चंद्रमा के प्रतिबिम्ब को चाँदी का गोल खंभा कहा है।

▼ Answer

Answer: (✗)
कवि ने पोखर में पड़ रहे सूर्य के प्रतिबिंब को चाँदी का गोल खंभा कहा है

---

(ग) सरसों हाथ पीले करके व्याह मंडप में पधारी है।

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(घ) चने का कद ठिंगना है।

▼ Answer

Answer: (✓)

---

(ङ) कवि जबलपुर के जंगल देखकर आया है।

▼ Answer

Answer: (X)
कवि चंद्रगहना देखकर लोटा है।